<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- रक्षा मंत्री ने नियंत्रक सम्मेलन में देश के घरेलू रक्षा उपकरणों की सराहना की, कहा–ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इनकी प्रदर्शन क्षमता ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की वैश्विक मांग को बढ़ा दिया।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय को रोकने को लेकर दायर की गई याचिकाओं को किया खारिज।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कावड़ यात्रा रूट का किया हवाई सर्वेक्षण, यात्रा को अपवित्र करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अधिकारियों को दिया निर्देश।
- प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और गोंडा से सांसद रहे आनंद सिंह का बीती रात हुआ निधन, मुख्यमंत्री सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के घरेलू उपकरणों की प्रदर्शन क्षमता ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की वैश्विक मांग को बढ़ा दिया है। नई दिल्ली में कल नियंत्रक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत के रक्षा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

***हमारा डिफेंस एक्सपेंडिचर कुछ ऐसा होना चाहिए, जिसमें सिर्फ हमारा बजट न बढ़े, बल्कि उस बजट का राइट डेप्लॉयमेंट, राइट टाइम, राइट ऑब्जेक्टिव भी उतना ही जरूरी हो। हमारे डिफेंस सेक्टर की ओर पूरी दुनिया की निगाहें हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो हमने शौर्य दिखाया है, हमारे सेना के जवानों ने उसके बाद हमारे इंडीजीनस प्रोडक्ट की ग्लोबल डिमांड और बढ़ रही है।***

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय रोकने को लेकर की गई याचिकाओं को कल खारिज कर दिया । न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले इक्यावन बच्चों की याचिका सहित एक अन्य याचिका पर यह फैसला सुनाया। राज्य सरकार की ओर से याचिकाओं के विरोध में दलील दी गई कि विलय की कार्रवाई, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए बच्चों के हित में की जा रही है। कोर्ट ने बीते शुक्रवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।

**********

बिहार में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल चार नई अमृत भारत ट्रेनों की घोषणा की, जिनमें से दो प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक चलाई जाएंगी। श्री वैष्णव ने पटना–दिल्ली, दरभंगा–लखनऊ, मालदा–लखनऊ और सहरसा–अमृतसर सहित चार नई अमृत भारत ट्रेनों की घोषणा की है।

**********

गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में फरीदाबाद नोएडा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रोड पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई द्वारा आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा। इस भव्य पौधारोपण कार्यक्रम में देश के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा और देश के कार्पोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा भी उपस्थित रहेंगे।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज मेरठ में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने एग्रीटेक इन्नोवेशन हब का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत सिंह चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान आईआईटी रोपड़ और विश्वविद्यालय के बीच कृषि को उन्नत बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे, जिससे कृषि आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।

**********

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन कल आशा सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में आशा और संगिनी का महत्वपूर्ण योगदान है।

**********

महिला कल्याण बाल विकास और पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कल लखनऊ में बाल कुपोषण के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी संभव अभियान के पाँचवें संस्करण की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संभव अभियान सितंबर तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य प्रदेश के कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों का पोषण कर उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।

**********

आगामी जनगणना के दौरान स्व–गणना के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल उपलब्ध होगा। यह पोर्टल जनगणना–2027 के दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त ने कहा कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। डेटा अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में मोबाइल ऐप का उपयोग करके एकत्र किया जाएगा। प्रगणक और पर्यवेक्षक डेटा संग्रह के लिए अपने मोबाइल उपकरणों का उपयोग करेंगे।

**********

प्रदेश में सावन माह में निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रा रूट का हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद से बिजनौर तक कावड़ यात्रा मार्ग का हवाई सर्वेक्षण किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार आस्था के सम्मान और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कावड़ मार्ग पर स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुगम यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कावड़ यात्रा को अपवित्र करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक***

इस बीच, नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में सभी कांवड़ मार्गों पर प्रकाश, पीने के पानी और शौचालयों की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कांवड़ यात्रियों से अपील की कि वे बिजली के खंभों और हाई टेंशन तारों के संपर्क में आने से बचें।

***हम पूरी व्यवस्थाएं करते हैं कि बिजली के चलते कहीं कोई दुर्घटना ना हो। कई बार बिजली के खंभे हमारी सारी सावधानियों के बावजूद भी कई बार खंभे दुर्घटना का कारण बन जाते हैं। मैं कांवड़ यात्रियों को अपने भाइयों बहनों को भी कहना चाहूँगा कि आप भरसक खंभों से दूर रहे उनको छूने की आवश्यकता नहीं है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के अध्यक्ष और केंद्र सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने मुलाकात की। इस दौरान राज्य के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकों के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। एक रिपोर्ट–

***बैठक में इसरो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को रिमोट सेंसिंग क्षेत्र में अब तक हुई प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राज्य में आकाशीय बिजली से हो रही जनहानि पर गहरी चिंता व्यक्त किया। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रदेश के लिए एक अलग उपग्रह विकसित किया जाए, जो विशेष रूप से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी देने में सक्षम हो। इसरो अध्यक्ष डॉ. नारायणन ने आश्वस्त किया कि वे इसका ठोस समाधान निकालने की दिशा में कार्य करेंगे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

अमरीका के अलबामा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में प्रदेश पुलिस के तैंतालीस खिलाड़ियों ने पच्चानवे अवार्ड जीते हैं। यह प्रतियोगिता सत्ताईस जून से छह जुलाई तक आयोजित की गई थी। इसमें तिरसठ देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिस्पर्धा में प्रदेश पुलिस की टीम ने पैंतालीस स्वर्ण, चौंतीस रजत और सोलह कास्य पदक जीत कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया।

**********

प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री और गोंडा से सांसद रहे आनंद सिंह का कल रात लखनऊ में निधन हो गया। स्वर्गीय आनंद सिंह देश के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता हैं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री तथा सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने शोक जताया है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि प्रदेश के पूर्वी जिलों में आज से तेरह जुलाई तक कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी जिलों में भी दस से तेरह जुलाई तक यही स्थिति रहेगी। विभाग के अनुसार नौ जुलाई तक प्रदेश के पश्चिमी जिलों में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा की संभावना है। विभाग ने पश्चिमी जिलों में नौ जुलाई तक, जबकि पूर्वी जिलों में दस जुलाई तक कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी भी दी है।

**********